# अब जापान के मॉडर्न मॉडल पर होगा प्रदेश का विकासः डॉ यादव

भोपाल (काप्र)।

**मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान से राज्य के लिए बड़ी खुशखबरी लाए हैं। उनकी चार दिवसीय यात्रा के दौरान जापान की कई बड़ी कंपनियों ने यहां निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई है। राज्य में जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।**

प्रदेश में जल्द जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब की स्थापना हो सकती है। इसके अलावा सरकार ने राज्य में जापान प्लस सेल स्थापित करने का फैसला किया है। इसके तहत एक डेडिकेटेड टीम जापान के निवेशकों के साथ संपर्क और फॉलोअप करेगी। इतना ही नहीं, प्रदेश के विकास के लिए अब यहां जापानी मॉडल अपनाया जाएगा। इस तरह मोहन सरकार के मिशन ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता-नारी शक्ति) को पूरा करने में जापान बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। जापान के निवेश करने से प्रदेश में औद्योगिक विकास, रोजगार, स्व-रोजगार सहित कई सेक्टर में जबरदस्त बदलाव आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस यात्रा के दौरान जापान के उद्योगपतियों-निवेशकों को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (त्रद्धस्) का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री 1 फरवरी की शाम स्वदेश लौटे। उन्होंने राजधानी नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि मध्यप्रदेश की ये महत्वपूर्ण जापान यात्रा राज्य के लिए अनेक संभावनाएं लेकर आई है। टोक्यो और ओसाका में आयोजित बैठकों-रोड-शो में जापानी कंपनियों ने मध्य प्रदेश में गहरी रुचि दिखाई है। जापान भारत का पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है, जिसने पिछले दो दशकों में भारत में 38 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 बिलियन डॉलर का है, जो निरंतर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश और जापान के बीच मजबूत व्यापारिक रिश्ते रहे हैं।

डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहले से ही कई जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। ब्रिजस्टोन ने पीथमपुर में विश्वस्तरीय टायर प्रोडक्शन प्लाटं लगाया है। यह प्लांट रोजगार सृजन और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पैनासोनिक जैसी दिग्गज कंपनी ने प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। एनएसके, सानोह और कामात्सु जैसी जापानी कंपनियां भी प्रदेश में काम कर रही हैं। ये कंपनियां ऑटोमोटिव और मशीनरी क्षेत्र में अहम योगदान दे रही हैं। मध्यप्रदेश से जापान को

होने वाला निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जापान यात्रा के दौरान बैठकों से इन व्यापारिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। साथ ही नए निवेश और व्यापारिक अवसर भी खुलेंगे।

डॉ. यादव ने बताया कि टोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके के साथ हुई बैठक ऐतिहासिक थी। कोइके के साथ सरकार की बैठक में शहरी विकास के नए आयामों पर चर्चा हुई। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन गवर्नमेंट की विशेषज्ञता का लाभ प्रदेश के शहरों को मिलेगा। भोपाल और इंदौर के लिए मेट्रो रेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी समाधान, जल प्रबंधन और कचरा प्रबंधन में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। टोक्यो के विकास मॉडल को प्रदेश में अपनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जापान के विदेश मंत्रालय में संसदीय उप-मंत्री हिसाशी मात्सुमोतो के साथ भी अहम बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश में जापानी निवेश को सुगम बनाने के लिए विशेष प्रयास करने पर सहमति बनी। व्यापार मिशन का आदान-प्रदान, कौशल विकास में जापानी विशेषज्ञों की भागीदारी, जापान-मध्य प्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

डॉ. यादव ने बताया कि जापान के भूमि-बुनियादी ढांचा मंत्रालय के मंत्री यासुशी फुरुकावा के साथ बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मध्यप्रदेश में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा। स्मार्ट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम के विकास और लॉजिस्टिक्स में जापानी मॉडल को अपनाने पर सहमति बनी। ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर में विशेष सहयोग से प्रदेश में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सुसुमु काताओका के साथ बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क पर सहमति बनी। जेट्रो से प्रदेश में अपना कार्यालय स्थापित करने की अपील की गई है। जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोहेई हारा के साथ बैठक में विकास परियोजनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। सरकार ने जेआईसीए के सामने भोपाल-इंदौर-उज्जैन शहरी परिवहन, जापानी औद्योगिक पार्क, जल संरक्षण, शहरी नवीनीकरण, कौशल विकास और कृषि तकनीक में नई परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। इनके अलावा सरकार की टोयोटा, ब्रिजस्टोन, सिस्मैक्स, पैनासोनिक एनर्जी, यूनिक्लो, एबारा कॉर्पोरेशन, नितोरी होल्डिंग्स, योकोगावा इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन, हेल्थ केयर कंवनी एएनडी, जापान बिजनेस फेडरेशन, टेक्नोक्राफ्ट लिमिटेड कंपनियों से भी वन-टू-वन बातचीत हुई। डॉ. मोहन यादव ने बताया कि टोक्यो में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन शानदार रहा। सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप- फोकस मध्य प्रदेश रोड-शो में जापान की प्रमुख कंपनियों और व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया। इसके दौरान मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश नीतियों और विशेष क्षेत्रों, फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोटिव और खाद्य प्रसंस्करण में अवसरों पर प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतिभागियों ने राज्य की बुनियादी सुविधाओं, कुशल श्रमशक्ति और व्यापार सुगमता में विशेष रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम में किटामुरा केमिकल्स, निप्पॉन कोएई इंजीनियरिंग, एप्सन, मित्सुई, हिताची, नोकिया, सुमितोमो, सोजिट्ज इंजीनियरिंग, यासुदा लॉजिस्टिक्स और जापान लॉजिस्टिक्स जैसी कंपनियों ने भाग लिया। इसी तरह ओसाका में हुए रोड-शो में युमेया-हाचिमन, याहाता इंजीनियरिंग, अल्पाइन जापान, मिकी कॉर्पोरेशन, डायोस, ओसाका गैस, कोइजुमी अपैरल, मोराबु हांशिन, कुबोटा, कंसाई पेंट।

## मुख्यमंत्री से उप मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में की भेंट

भोपाल (काप्र)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज जापान से लौटने पर नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जापान दौरे की सफलता पर शुभकामनाएं दीं। श्री शुक्ल ने कहा कि डॉ. यादव की यह यात्रा प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में आर्थिक विकास के नये अवसरों का सृजन हो रहा है। राज्य सरकार निवेशकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और उद्योग के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है।

## खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से बढ़ाया प्रदेश का गौरवः डॉ. यादव

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।**

मुख्यमंत्री ने 81 कि.ग्रा. पुरूष वर्ग में वेटलिफ्टिंग में वल्लूरी अजय बाबू, एक्वेटिक खेल के हाई बोर्ड प्लेटफार्म डाइविंग इवेंट में पलक शर्मा और डुएथलॉन महिला कैटेगरी में आध्या सिंह को स्वर्ण पदक अर्जित करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्वेटिक खेल के 3 मीटर स्प्रिंग बोर्ड इवेंट में पलक शर्मा, 1500 मीटर फ्री स्टाइल मेन्स इवेंट में अद्वैत पागे, दाओशु इवेंट में रोहित जाधव और वुशु के क्विंगशु महिला इवेंट में भूरक्षा दुबे को रजत पदक प्राप्त करने पर बधाई दी। डॉ. यादव ने भारोत्तोलन के 45 कि.ग्रा. भार वर्ग में रानी नायक, एक्वेटिक के 400 मीटर इवेंट में अद्वैत पागे तथा वुशु के शानशू इवेंट में संयोगिता सिंह को कांस्य पदक प्राप्त करने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को सफलता के पथ पर निरंतर अग्रसर होने और नित नए कीर्तिमान रचने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि प्रदेश के खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण से मध्यप्रदेश को खेल जगत में नव शिखर पर प्रतिष्ठित करेंगे।

## वसंत पंचमी मनाई, छात्राओं ने मां सरस्वती की पूजा की

**भोपाल (हिनप्र)।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालय में मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस एवं वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने नकारात्मक विचारों का त्याग कर, सद् विचारों को अपनाकर जीवन को सार्थक बनाने का संकल्प लिया। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने सरस्वती की देवी की पूजा अर्चना की। संस्कृत की शिक्षका मृणाल देशपांडे ने मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना कराई। कार्यक्रम में प्राचार्य अमृता मोटवानी ने बच्चों से कहा कि पतंग की तरह उड़ान भरें, सरसों के फूलों की तरह खिलें और ज्ञान की रोशनी से अपने जीवन को रोशन करें। राधाकृष्णन सदन ने विशेष प्रार्थना सभा में एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक प्रस्तुत की। अलग- अलग राज्यों में वसंत पंचमी पर्व मनाए जाने की परंपरा नृत्य में प्रस्तुत की गई। संचालन काव्या चेलानी एवं अंजुल जैन द्वारा किया गया।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### आम बजटः मध्यम...

शुरू किया जाएगा। इसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए, ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, ग्रामीण युवाओं, सीमांत और छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने का है।वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सरकार अरहर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए छह वर्षीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू करेगी। केंद्रीय एजेंसियां (नेफेड और एनसीसीएफ) किसानों से अगले चार वर्षों के दौरान जितनी भी दालें पैदा होंगी, उन्हें खरीदने के लिए तैयार रहेंगी। बजट में सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम, उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन और कपास उत्पादकता के लिए पांच वर्षीय मिशन जैसे उपायों की रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि कृषि और संबद्ध गतिविधियों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा सके। श्रीमती सीतारमण ने संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने एमएसएमई को विकास के लिए दूसरा पावर इंजन बताया क्योंकि यह निर्यात का 45 प्रतिशत हिस्सा हैं। एमएसएमई को उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए, सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा को क्रमशः 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया गया है। इसके अलावा, गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता बढ़ाने के लिए कदम भी घोषित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पहली बार उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू करने की भी घोषणा की। यह अगले पांच वर्षों के दौरान दो करोड़ रुपये तक का सावधि ऋण प्रदान करेगा। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि सरकार भारत को मेड इन इंडिया ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलौनों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की योजना भी लागू करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने वाला एक राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन स्थापित करेगी। निवेश को विकास के तीसरे इंजन के रूप में परिभाषित करते हुए श्रीमती सीतारमण ने लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश को प्राथमिकता दी है। उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए जाएंगे। भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने की घोषणा करते हुये उन्होंने कहा कि स्कूल और उच्च शिक्षा के लिए डिजिटल रूप में भारतीय भाषा की किताबें उपलब्ध कराने के वास्ते भारतीय भाषा पुस्तक योजना लागू की जाएगी।

### बजट की मुख्य...

ने माना है कि स्वस्थ और बेहतर शिक्षित आबादी सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। तदनुसार, बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में बड़े निवेश को दर्शाया गया है। भारत का कृषि क्षेत्र इसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना हुआ है, और बजट 2025 दीर्घकालिक कृषि सुधारों की आवश्यकता को संबोधित करता है। हरित विकास और जलवायु कार्रवाई । बजट 2025 के मूल में स्थिरता है, जिसमें कई हरित पहल शामिल हैं सामाजिक कल्याण कार्यक्रम बजट 2025 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। हाशिए पर पड़े समुदायों को प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कई पहलें हैं । सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्स्स्श्व) भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित कर रही है । भारत का लक्ष्य विदेशी निवेश में वृद्धि के साथ खुद को वैश्विक आर्थिक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है। बजट में निम्नलिखित शामिल हैं ।

### किसानों, युवाओं, महिलाओं...

विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारत मिशन को शुरू किया गया है। सुधारों के संदर्भ में इस बजट में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना ऐतिहासिक है। यह देश के विकास में असैन्य परमाणु ऊर्जा का बड़ा योगदान सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा बुनियादी ढांचे के लिए आवंटन से देश में बड़े जहाजों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, यह आत्मनिर्भर पहल को तेज करेगा। जहाज निर्माण एक ऐसा क्षेत्र है जो रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, देश में पर्यटन विकास की विशाल क्षमता है। श्री मोदी ने कहा कि देश के अनुसूचित जाति, जनजाति, और महिला, जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के दो करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया है। सभी आय समूहों के लिए, करों को कम किया गया है। इससे हमारे मध्यम वर्ग को बहुत लाभ होगा। इसी तरह, यह उन लोगों के लिए एक अवसर होगा जो हाल ही में कार्यबल में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि नए युग की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, गिग श्रमिकों के लिए एक बड़ी घोषणा की गई है। पहली बार ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलेगा। यह श्रम की गरिमा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा

**भोपाल (हिनप्र)। संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) स्टेशन सलाहकार समिति की शनिवार को बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों ने निर्माण कार्य के बारे में बताया। वहीं, सदस्यों ने अपने सुझाव दिए।**

बैठक की अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक एमए अंसारी ने की। सदस्यों ने निर्माणाधीन दो एफओबी को स्टेशन के बाहर तक बढ़ाए जाने की मांग उठाई, ताकि स्टेशन के एक तरह से दूसरी तरफ जाने वाले राहगीरों को परेशानी न हो। बैठक में पार्षद अशोक मारण, सुरेश जसवानी, शिक्षाविद आनंद सबधाणी,पश्चिम-मध्य रेल मण्डल भोपाल के इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर इंजीनियर मनोज कुमार, इलेक्ट्रीकल्स विभाग से सीनियर इंजीनियर एमएच परवेज एवं आरपीएफ से उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार गर्जर उपस्थित हुए।बैठक में रेलवे सलाहकार समिति में सदस्यों ने भोपाल इंदौर मुख्य मार्ग से स्टेशन के प्रवेश रोड के सीमेंट कांक्रीट अथवा डामरीकरण के लिए नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखने, स्टेशन के समीप जहां पुलिस क्वाटर बने हैं, ओर जर्जर हो चुके हैं, उसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित करने, स्टेशन से लेकर धोबीघाट नर्मदा स्वीट तक सड़क निर्माण जो नगर निगम की तरह से स्वीकृत हो चुका है, वह काम जल्द से जल्द प्रारंभ करने के लिए भी रेलवे की तरफ से नगर निगम को पत्र लिखने का सुझाव दिया। इसी तरह डा. बालानी क्लीनिक के सामने स्टेशन जाने वाले मार्ग हेतु संकेत बोर्ड लगाने का भी सुझाव दिया, ताकि भोपाल से स्टेशन आने वाले यात्रियों को आसानी हो। स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर निजी लागत से संकेत बोर्ड लगाने पर बैठक में आनंद सबधाणी का भार माना गया। सीनियर इंजीनियर मनोज कुमार ने कहा कि अमृत भारत योजना के अन्तर्गत स्टेशन का समुचित विकास किया जा रहा है। पूरा स्टेशन कर्वड होगा, सेकण्ड एंट्री बावत उन्होंने बताया कि इसका भी विकास किया जा रहा है।

## लक्ष्य तय करो, मेहनत करो, सफलता अवश्य मिलेगीः सिद्धभाऊ

भोपाल (हिनप्र)।

साधु वासवानी स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। संत सिद्धभाऊ, कर्नल नारायण पारवानी व शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। 12वीं के विद्यार्थियों ने जूनियर्स को विद्यालय की गरिमा का प्रतीक ज्योति सौंपी। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। भाऊ ने कहा, जिस विद्यार्थी के जीवन में लक्ष्य होता है व अपने माता-पिता की कुर्बानियों का अहसास होता है वह अवश्य आगे बढ़ता है क्योंकि माता-पिता ऐसे व्यक्तित्व है जो सदैव हमें देते ही आ रहे हैं परंतु बदलें में सिर्फ इतना ही मांगते हैं कि हमारा जीवन सफल हो और हम आगे बढ़े तो आपका भी यह कर्तव्य बनता है कि आप मेहनत करके पढ़े और अच्छे पद पर पहुंचकर उनके सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा, बारहवीं के विद्यार्थी आज से ही टाइम-टेबिल निर्धारित कर समय अनुसार हर विषय पर ध्यान केंद्रित करें, विद्यार्थी पढ़ाई करके ऊंचाइयों को छुएं क्योंकि पढ़ाई जिंदगी का हर सुख व सम्मान देती है। पढ़े-लिखे व्यक्ति को कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ता अतः पढ़ाई हमारा ध्येय है और यही ध्येय हमें अच्छे पद पर पहुंचाता हैं। कर्नल पारवानी ने कहा, स्कूल से निकलकर कॉलेज जाने की यात्रा थोड़ी अलग होती है परंतु यह बदलाव भी आवश्यक है इस बदलाव में आपको खुद को संभालना व समझना पड़ता है क्योंकि कॉलेज के माहौल में आपको कोई नहीं देखेंगा कि आप पढ़ रहे हो या नहीं यह जिम्मेदारी सिर्फ आपकी होती है। आर्शीवाद समारोह में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं को ज्योति प्रदान करते हुए यह भाव प्रदर्शित किये कि इस विद्यालय की बागडोर हम आपके जिम्मेदार हाथों में सौप रहे हैं।

## सामाजिक सरोकार से जुड़ी मैनेजमेंट की छात्राएं

**भोपाल (हिनप्र)।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट की छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकार से भी अवगत कराया जाता है, जिससे कि वे एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बन सकें।

इसी कड़ी में संस्थान के सीएसआर क्लब के बैनर तले बीबीए की छात्राओं ने आँगनवाड़ी केंद्र 'बाल विकास परियोजना' संत हिरदाराम नगर में जाकर वहां पढ़ रहे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को कपड़े, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया। इसका उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक परिवेश से अवगत कराना एवं विभिन्न वंचित वर्गों के बारे में संवेदनशील बनाना था। छात्राओं एवं शिक्षकों ने अपने घरों से लाकर कपड़े, खिलोनें, जूते एवं अन्य सामग्री एकत्रित की एवं सलीके से पैकिंग की थी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सरोज राय उमरे (Saroj Rai Umare) पति श्री नीलम कुमार उमरे, आयु-41 वर्ष, निवासी म.नं.-38-ए, शंकर नगर, बरखेड़ा पठानी, भेल, जिला भोपाल मप्र-462022। मेरा विवाह 18/04/2012 को श्री नीलम कुमार उमरे पुत्र श्री गोपीलाल उमरे के साथ सम्पन्न हुआ था तथा यह विवाह हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार हुआ है। विवाह के बाद से मैं अपने पति के साथ भोपाल में निवास कर रही हूँ। विवाह से पूर्व मेरा नाम सरोज राय (Saroj Rai) था। विवाह के बाद से मेरा नाम सरोज राय उमरे (Saroj Rai Umare) पति श्री नीलम कुमार उमरे हो गया है अब मैं इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूँ एवं मेरे द्वारा आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, बैंक खाते में दर्ज है तथा मुझे समस्त शासकीय/अशासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय में मेरे नये नाम सरोज राय उमरे (Saroj Rai Umare) पति श्री नीलम कुमार उमरे के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**सरोज राय उमरे**

3427

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (विद्युत/यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./यॉ. संभाग क्र.-2, 13 ए, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक भोपाल (म.प्र.)**
website.www.mppwd.gov.in, Email id-eepwdelect.w@gmail.com Phone No.0755-2770397

क्रमाक 233/वाहन निविदा/2024-25 भोपाल, दिनांक 30/01/2025
NIT No. 32/SAC/2024-25 Dt. 30-01-2025

**निविदा सूचना**

म.प्र के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत टैक्सी परमीट वाहनों को कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./यॉ.) संभाग क्रमांक-02, भोपाल बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक भोपाल, के अन्तर्गत उपसंभागों के लिए निम्न प्रकार के वाहन शासकीय उपयोग/निर्माण कार्यो के निरीक्षण हेतु मासिक दर लिये जाने हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक 13/02/ 2025 सांय 5:30 तक शासकीय स्पीड पोस्ट पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या | शर्ते | मॉडल | वाहन जहाँ उपयोग में लिया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Scorpio-N | 01 | चालक सहित किन्तु बिना डीजल | 01/07/2022 के बाद के क्रय एंव टैक्सी कोटे में पजीकृत | कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग क्रमांक 02 भोपाल हेतु |
| 2 | Bolero-Neo | 5 | चालक सहित किन्तु बिना डीजल | 01/07/2022 के बाद के क्रय एंव टैक्सी कोटे में पजीकृत | सामान्यतः बैतूल, नर्मदापुरम विदिशा, राजगढ़, हरदा (वि/यां) उपसंभाग हेतु । |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में दिनांक 10/02/2025 तक आवश्यक दस्तावेज के परीक्षण कराने के उपरांत रू. 2000.00 /- (दो हजार रूपये मात्र) ऑनलाईन जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रू.37,200 / - (सैंतीस हजार दौ सौ रू.) मात्र की अमानत राशि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./यॉ.) संभाग क्र. 02 भोपाल, के नाम से बैंक एफ.डी. आर. अलग लिफाफे में देय होगी। अमानत राशि के अभाव में निविदा नही खोली जावेगी। डाक विलंब से निविदा प्राप्त होने की जबाबदारी विभाग की नही होगी। दिनांक 14/02/2025 को इच्छुक निविदाकारो के समक्ष खोली जावेगी। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण व शर्तों में किसी भी कार्यालयीन दिवस में दिनांक 10/02/2025 तक कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**(लो.नि.वि.(वि./यॉ.) संभाग क्र. 02 भोपाल**

**जी-22465/24**